वार्षिक परीक्षा, 2018–19 H-750

हिन्दी

समय : 2½ घण्टे कक्षा–11

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) आदिकाल को आदिकाल नाम किसने दिया। 2

(ख) रामभक्ति शाखा के किसी एक कवि का नाम एवं उसकी किसी एक रचना का नाम लिखिए। 2

(ग) रीतिकाव्य की दो प्रमुख विशेषताएं लिखिए। 2

(घ) 'साकेत' महाकाव्य के रचनाकार का नाम लिखिए। 2

(ङ) 'गिरधारी' किस कहानी का पात्र है? 2

2. (क) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

सूर्यदेव की उदारता और न्यायशीलता तारीफ के लायक है। तरफदारी तो उसे छू तक नहीं गई पक्षपात की तो गंध तक उसमें नहीं, देखिए न उदय तो उसका उदयाचल पर हुआ, पर क्षणभर में उसने अपने नए किरण जाल को उसी पर्वत के शिखर पर नहीं, प्रत्युत सभी पर्वतों के शिखरों पर फैला कर उनकी शोभा बढ़ा दी। उसकी इस उदारता के कारण इस समय ऐसा मालूम हो रहा है, जैसे सभी भूधरों ने अपने शिखरो–अपने मस्तको–पर दुपहरिया के लाल–लाल फूलों

(कृ.पृ.उ.)



का मुकुट धारण कर लिए हो। सच है, उदारशील सज्जन अपने चारुचरितों से अपने ही उदय–देश को नहीं अन्य देशों को भी अप्यापित करते हैं।

(1) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 2

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(3) सूर्यदेव के स्वभाव के सम्बंध में लेखक ने क्या कहा है?

(4) सूर्य देव की सभी के प्रति समानता के सन्दर्भ में इन पंक्तियों में क्या कहा गया है? 2

(5) पर्वतों के शिखरों पर पड़ती सूर्य की प्रातःकालीन किरणों के सम्बन्ध में क्या कहा गया है? 2

अथवा

आचरण की सभ्यतामय भाषा सदा मौन रहती है। इस भाषा का निघण्टु शुद्ध श्वेत पत्रों वाला है। इसमें नाममात्र के लिए भी शब्द नहीं है। यह सभ्याचरण नाद करता हुआ भी मौन है, व्याख्यान देता हुआ भी व्याख्यान के पीछे छिपा है, राग गाता हुआ भी राग के सुर के भीतर पड़ा है। मृदु वचनों की मिठास में आचरण की सभ्यता मौन रूप से खुली हुई है। नम्रता दया, प्रेम और उदारता सब के सब सभ्याचरण की भाषा के मौन व्याख्यान है।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए। 2

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(3) उपर्युक्त गद्यांश का प्रसंग लिखिए। 2

(4) आचरण की भाषा के मीठे वचनों में किस प्रकार मूकभावना पाई जाती है। 2

(5) सभ्य आचरण के मुख्य व्याख्यान कौन से हैं? 2

(ख) अब कै राखि लेहू भगवान

हौ अनाथ बैठ्यो द्रुम डरिया, पारधि साधे बान।

ताके डर मैं भाज्यौ चाहत, ऊपर ढुक्यो सचान।

दुहूं भांति दुःख भयो आनि यह, कौन ऊबारे प्रान।

सुमिरत ही अहि डस्यौ पारधी कर छूट्यो संधान।

सूरदास सर लग्यो सचानहिं, जय जय कृपानिधान।।

(1) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(2) उपर्युक्त पद्यांश का प्रसंग लिखिए। 2

(3) संसार रूपी वृक्ष की डाल पर कौन बैठा है? 2

(4) जीवात्मा रूपी पक्षी ने अपनी रक्षा हेतु किसका स्मरण किया? 2

(5) जीवात्मा द्वारा भगवान का स्मरण करते ही क्या हुआ? 2

अथवा

मंत्री, गुरु अऊ वैद जो प्रिय बोलहि भय आस।

राज धरम तन तीनिकर, होइ बेगही नाश।।

(1) प्रस्तुत दोहे का संदर्भ लिखिए। 2

(2) दोहे में किसे विनाश का हेतु बताया गया है? 2



(3) मंत्री, वैद्य और गुरु के क्या करने से हानि हाती है? 2

(4) मंत्री द्वारा हित की बात न करने से किसका विनाश हो सकता है? 2

(5) उपर्युक्त में कौन-सा छंद है? 2

3. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए- 10

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः ।

चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।।

अथवा

भारतदेशस्य सुविस्तृतयाम् उत्तरस्यां दिशि स्थितो गिरी: पर्वतराजो हिमालय इति नाम्नाभिधीयते जनैः। अस्य महोच्चानि शिखराणि जगतः सर्वानपि पर्वतान् जयन्ति। अतएव लोका एवं पर्वतराजं कथयन्ति। अस्योन्नतानि शिखराणि सदैव हिमैः आच्छादितानि तिष्ठन्ति। अत एवास्य हिमालय इति हिमगिरित्यपि च नाम सुप्रसिद्धम्। एवरेस्ट, गौरीशंकर प्रभृतीनि अस्य शिखराणि जगति उन्नततमानि सन्ति।

4. भारतेन्दु हरिश्चन्द, सरदार पूर्ण सिंह, सूरदास, तुलसीदास में से किसी एक का साहित्यिक परिचय लिखिए। 5

5. बलिदान तथा प्रायश्चित में से किसी एक कहानी का सारांश लिखिए। 5

6. (क) श्रृंगार अथवा वीर रस की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 3

(ख) दोहा, चौपाई में से किसी एक की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 3

(ग) यमक अथवा रूपक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 3

(घ) 'आस्तीन का सांप' अथवा 'इज्जतमिट्टी में मिलाना' मुहावरे का अर्थ लिखते हुए उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

(ङ) स्वागतम्, महोत्सव:, महेश: में से किन्हीं दो शब्दों का सन्धि विच्छेद कीजिए। 3

(च) निम्न में से किसी एक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-3

(1) पृथ्वी और आकाश के बीच का स्थान।

(2) जिसका वर्णन न किया जा सके।

(छ) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द युग्म का अर्थ लिखिए-2

(1) दशन-दर्शन (2) दिन-दीन

(ज) 'उदधि' शब्द का कौन अर्थ सही नहीं है- 2

(1) उत्तम दधि (2) समुद्र

(3) सागर (4) जलधि

(झ) निम्न में से किसी दो वाक्यों को शुद्ध कीजिए- 2

(1) राम विद्यालय जाती है।

(2) चित्रा, लता ने सारा आभूषण उतार फेंका।

(3) क्या आप आ सकोगे?



7. अपने नगर के नगरपालिकाध्यक्ष को अपने मुहल्ले की सफाई के लिए एक पत्र लिखिए। 6

अथवा

शिक्षा निदेशक इलाहाबाद के नाम लिपिक पद हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपने शब्दों में निबंध लिखिए-

(क) भारत में कम्प्यूटर का महत्व।

(ख) विज्ञान के वरदान।

(ग) पर्यावरण प्रदूषण और मानव जीवन।

(घ) मेरा प्रिय साहित्यकार।

(ङ) राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका।

(च) स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी।